परेशानी | सीटों के लिए यात्रियों में मारामारी

# छुट्टियां खत्म होते ही ट्रेनों में उमड़ी भीड़





नवभारत, जबलपुर। गर्मी की छुट्टियां समाप्त होने के साथ ही ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। स्कूल-कॉलेज खुलने और नौकरीपेशा लोगों के वापस लौटने के कारण प्रमुख ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। आरक्षित कोचों के साथ-साथ जनरल डिब्बों में भी यात्रियों की संख्या क्षमता से कहीं अधिक पहुंच गई है। सोमवार की दोपहर जबलपुर स्टेशन पहुची पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, बनारस सुपरफास्ट और महाकौशल एक्सप्रेस में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। वही रेलवे स्टेशन पर भी बड़ी संख्या में यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए ट्रेनों का इंतजार करते नजर आए। कई ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिलने के कारण लोग वेटिंग टिकट के भरोसे सफर करने को मजबूर हैं। वहीं जनरल कोचों में हालात ऐसे रहे कि यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा। कई परिवार छोटे बच्चों और भारी सामान के साथ भीड़ के बीच जगह बनाने का प्रयास करते दिखाई दिए।

### शुरू हुआ घर लौटने का सिलसिला

यात्रियों का कहना है कि छुट्टियों के दौरान घर आए लोग अब वापस अपने कार्यस्थल और शिक्षण संस्थानों की ओर लौट रहे हैं, जिससे ट्रेनों में अचानक भीड़ बढ़ गई है। स्थिति यह है कि कई प्रमुख ट्रेनों में अगले कुछ दिनों तक सीटें उपलब्ध नहीं हैं। भीड़ बढ़ने के कारण प्लेटफॉर्म पर भी अव्यवस्था का माहौल देखने को मिला। यात्रियों को कोच में चढ़ने और उतरने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बता दे कि रेलवे द्वारा लगातार यात्रियों के लिए विशेष गाड़ियाँ भी चलाई जा रही हैं।

## अवैध और नियम विरुद्ध शराब दुकानों पर कार्रवाई की मांग

नवभारत, जबलपुर । जिले में कथित रूप से संचालित अवैध शराब दुकानों और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने प्रशासन को चेतावनी दी है। संगठन ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, रिहायशी क्षेत्रों तथा नर्मदा तट के आसपास संचालित शराब दुकानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम मेहरा ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि जिन स्थानों से शराब दुकानें हटाई गई थीं, उनके स्थान पर अन्य क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। ज्ञापन के अनुसार कुछ दुकानें नर्मदा नदी के निर्धारित 5 किलोमीटर के दायरे तथा पंचवटी घाट के आसपास संचालित हैं, जबकि कई स्थानों पर स्कूलों के 500 मीटर के भीतर भी शराब बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा गांवों और मोहल्लों में खुलेआम एक-दो पेटी शराब का अवैध विक्रय किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।



# विवाद से सहमति सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारम्भ

जबलपुर, नवभारत। विधिक शिक्षा एवं न्याय वितरण प्रणाली में वैकल्पिक विवाद निवारण (ए.डी.आर.) को संस्थागत स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए तथा संयुक्त रूप से तीन माह की अवधि वाले मध्यस्थता: विवाद से सहमति की ओर शीर्षक सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारम्भ किया गया। उक्त पाठ्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा किया गया।

### सहज और सुलभ होगा न्याय

इस अवसर पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंद पाठक एवं न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अपने विशिष्ट उद्बोधन में न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने न्यायालयों पर लंबित वादों के भार को कम करने तथा नागरिकों को संवाद एवं सहमति के माध्यम से विवादों के समाधान हेतु सशक्त बनाने में मध्यस्थता की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस पहल को विधिक शिक्षा एवं दैनिक विवाद निवारण व्यवस्था में मध्यस्थता को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया। अपनी पूर्व पदस्थापना के दौरान इंदौर में सामुदायिक मध्यस्थता के नवाचार का उल्लेख करते हुये उन्होंने मध्यस्थता से हजारों प्रकरणों के सहज निराकरण में वर्तमान में मध्यस्थता की उपादेयता को रेखांकित किया। स्वागत उद्बोधन में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने सभी विशिष्ट अतिथियों को संबोधित करते हुये कार्यक्रम के संबंध में प्रकाश डाला तथा इस नवाचार एवं सहयोगात्मक पहल की पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए मध्यप्रदेश के नागरिकों के लिए न्याय को अधिक सहभागी एवं सुलभ बनाने में मध्यस्थता की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्पष्ट किया।



# जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास सड़क बदहाल

**रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सड़क की खराब हालत, राहगीरों की बढ़ी परेशानी**

नवभारत , जबलपुर । मानसून की शुरुआत के साथ ही शहर की सड़कों की वास्तविक स्थिति सामने आने लगी है। रेलवे स्टेशन के आसपास का प्रमुख मार्ग इन दिनों गड्ढों और उखड़ी हुई सड़क के कारण चर्चा में है। सोमवार को हुई बारिश के बाद सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन क्षेत्र होने के कारण इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों यात्रियों और वाहनों का आवागमन होता है, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति लोगों की चिंता बढ़ा रही है। नवभारत की टीम द्वारा पड़ताल में सामने आया कि रेलवे स्टेशन के समीप सड़क पर कई स्थानों पर गहरे गड्ढे दिखाई दिए। बारिश का पानी भर जाने से इन गड्ढों की गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित नजर आए, जिन्हें गड्ढों से बचते हुए वाहन निकालने में कठिनाई हो रही है। कई स्थानों पर सड़क की डामर परत उखड़ चुकी है और गिट्टियां बाहर आ गई हैं।

### सड़क पर उखड़ा डामर, दिख रही गिट्टियां

कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह उखड़ चुकी है। डामर निकलने से गिट्टियां बाहर आ गई हैं, जिससे सड़क और अधिक खराब हो रही है। गड्ढों के आसपास कीचड़ और पानी जमा होने से दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने की आशंका बनी रहती है।

### रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही

रेलवे स्टेशन क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री, ऑटो, बसें और निजी वाहन गुजरते हैं, बावजूद इसके सड़क की हालत सुधारने की दिशा में ठोस कदम नजर नहीं आ रहे।

# जीआरपी ने बरामद किया चोरी का सामान



जबलपुर, नवभारत। सोमवार को इटारसी निवासी फरियादी नीलेश मालपानी द्वारा थाना जीआरपी जबलपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ट्रेन क्रमांक 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी पत्नी के पर्स से सोने-चांदी के आभूषण, एयरपॉड, नकदी एवं आधार कार्ड चोरी कर लिए गए थे। वही चोरी गए सामान की कुल कीमत 10,47,000 बताई जा रही थी जिसके बाद जीआरपी ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी थी। पुलिस अधीक्षक रेल सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी के मार्गदर्शन मे विशेष टीम गठित कर रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मोबाइल लोकेशन का विश्लेषण किया गया तथा तकनीकी जांच के दौरान चोरी गए एप्पल एयरपॉड की लोकेशन ट्रेस की गई प्राप्त लोकेशन एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा शिवनगर, गोहलपुर, जबलपुर क्षेत्र में दबिश दी गई। जो आरोपी रितेश उर्फ कालू उर्फ अमित पिता विष्णु आसवानी, 40 वर्ष, निवासी शिवनगर, गोहलपुर जबलपुर ने चोरी की घटना स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण मशरूका बरामद किया गया आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।




# जनेकृविवि में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन आंचलिक खेल परिसर जवाहर क्रीड़ांगन में किया गया। इस वृहद योग शिविर में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं एवं कृषिनगर निवासियों ने शामिल होकर योगाभ्यास किया। इसके साथ ही आयोजित 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन भी हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं के दल ने जटिल योगासनों की अनुपम प्रस्तुति दी।

### प्राचीनकाल से हमारी सेहत का अहम सूत्र योग है : कुलपति

कुलपति डॉ. मिश्रा ने योग को बीमारियों से बचाव व स्वास्थ्य लाभ का साधन बताते हुए इसे प्राचीनकाल से सेहत का सूत्र और दिनचर्या का हिस्सा कहा, जिससे विश्व में भारत की अलग पहचान बनी है। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि 21 दिवसीय प्रशिक्षण के प्रतिभागियों व उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को कुलपति ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस आयोजन में पूर्व छात्र सूर्य कुमार वर्मा, खेल अधिकारी डॉ. आशीष कुमार निगम, डॉ. धर्मेन्द्र नरवरिया, डॉ. स्वाती बारचे, डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, डॉ. आनंद विश्वकर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी. एस. द्विवेदी सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक और छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे।

## जनगणना में ओबीसी कॉलम नहीं होने पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा की रैली

नवभारत, जबलपुर। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने भारत की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी कॉलम न दिए जाने के विरोध में सिविक सेंटर से घंटाघर तक रैली निकालकर आंदोलन किया। केंद्र सरकार, रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त द्वारा शुरू की गई यह जनगणना पूरी तरह डिजिटल रूप से होने वाली है। इसके पहले चरण की 'हाउस लिस्टिंग' के लिए 'एचएलओ' नाम का ऐप तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से यह कार्य मोबाइल फोन से किया जाएगा।

# उखरी रोड पर बंद सिग्नलों से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

जबलपुर, नवभारत। शहर के उखरी रोड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। एक ओर बढ़ते अतिक्रमण से सड़कें संकरी हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर कई बार ट्रैफिक सिग्नल बंद होने के बावजूद मौके पर यातायात पुलिसकर्मी नजर नहीं आते, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उखरी रोड पर सड़क किनारे अस्थायी दुकानों, ठेलों और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है। व्यस्त समय में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोगों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद अतिक्रमण के खिलाफ स्थायी कार्रवाई नहीं हो पाती, जिसके कारण समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

### सिग्नल बंद होने पर नहीं दिखती ट्रैफिक व्यवस्था

क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर कई बार ट्रैफिक सिग्नल बंद हो जाते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित हो जाता है। ऐसे समय में चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी भी तैनात नहीं दिखते, जिसके कारण वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार निकलने की कोशिश करते हैं और जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों का कहना है कि यदि सिग्नल खराब होने की स्थिति में तत्काल पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए तो यातायात को सुचारु रखा जा सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से उखरी रोड पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ नियमित कार्रवाई करने तथा सिग्नल बंद होने की स्थिति में यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है,




# ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में 151 साहित्यकारों ने दी भावांजलि

जबलपुर। पितृ दिवस के अवसर पर प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के 517वें ऑनलाइन साहित्यिक आयोजन में देश-विदेश के 151 साहित्यकारों ने अपनी कविताओं के माध्यम से पिता के प्रेम, त्याग, संघर्ष और संस्कारों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मृति शेष रामनाथ जारोलिया जी को समर्पित इस काव्य गोष्ठी में पारिवारिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रस्तुत रचनाओं ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। 'पिता वो छांव हैं जो धूप में साथ निभाती है', 'जिसे कोई नहीं समझे वो पापा जी समझते हैं', 'अगर सिर पे पापा का साया न होता', 'मेरे पिता परमेश्वर तू लाजवाब है', 'पिता एक उम्मीद है' और 'वो हाथ जो मेरे सिर पर फिरता था' जैसी कविताओं ने पिता के प्रति सम्मान और स्नेह की भावना को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि हास्य सम्राट के.के. नायकर, मुख्य अतिथि मथुरा जैन उत्साही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दुबई की शिक्षाविद मनीषा आसवानी और बिलासपुर की डॉ. राजेश्वरी गर्ग उपस्थित रहीं। अध्यक्षता समाजसेवी एवं श्री रामलीला समिति गढ़ा के अशोक मनोध्या ने की। शुभारंभ सुश्री चंद्रिका पाठक की सरस्वती वंदना से हुआ। प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के संस्थापक इंजीनियर विनोद नयन ने संस्थागत उद्बोधन दिया, जबकि डॉ. रानू रुही ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इंदु सिंह कंचन, बसंत कुमार शर्मा और डॉ. मकबूल अली कादरी ने मंगलभाव व्यक्त किए। अतिथियों ने अपने संबोधन में पिता को परिवार की शक्ति, संस्कारों के आधार और जीवन के प्रथम मार्गदर्शक के रूप में रेखांकित किया।

काव्य गोष्ठी में डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. विनोद बाजपेई आदर्शमीत, डॉ. गीता पांडे, संगीता त्रिपाठी, अथर्वदीप जैन, मीना भट्ट, कृष्ण गोप, मथुरा प्रसाद कोरी, डॉ. शोभा सिंह, कृष्णा राजपूत सहित देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से जुड़े कुल 151 साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।

## अज्ञात वाहन ने रौंदा, महिला की मौत

नवभारत, जबलपुर । बरगी थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एन एच-34) पर मानेगांव फनिगो एडवेंचर पार्क के पास अज्ञात वाहन ने एक महिला को रौंद दिया । हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतिका अपने दामाद के साथ मोटरसाइकिल से एक शादी समारोह से लौट रही थी। बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि ग्राम बरगी खेरमाई मोहल्ला की रहने वाली रनको बाई भूमिया पति रामलाल भूमिया (54) रविवार को तिलवारा में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह अपने दामाद के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस घर लौट रही थीं। इसी दौरान एनएच-34 पर मानेगांव फनिगो एडवेंचर पार्क के पास पहुंची तभी अज्ञात उनकी बाइक को अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक एवं तेज रफ्तार में टक्कर मार दी । हादसे के बाद रनको बाई उछलकर गिर गई और अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया । हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद घायल महिला को इलाज के लिए पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थिति में सुधार न होने के कारण उन्हें तत्काल मेडिकल अस्पताल जबलपुर रेफर किया गया। वहां सोमवार तड़के सुबह 3:58 बजे इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने मृतक महिला के बेटे राजेंद्र भूमिया (30) की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।







लोकार्पण | कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर और विधायक रोहाणी ने किया लोकार्पण

# स्व . पं . काशीनाथ शर्मा के नाम पर सिविल लाइन-साईं मंदिर मार्ग का लोकार्पण

नवभारत, जबलपुर। पत्रकारिता में निडरता, निष्पक्षता और जनसरोकारों की मिसाल रहे स्वर्गीय पंडित काशीनाथ शर्मा को शहर ने अनूठी श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर निगम द्वारा सिविल लाइन चौराहा से साईं मंदिर तक के मार्ग का नामकरण ''पंडित काशीनाथ शर्मा मार्ग' किया गया। जबलपुर पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित गरिमामय समारोह में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं केंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने 'पंडित काशीनाथ शर्मा मार्ग' का लोकार्पण करते हुए उनके पत्रकारिता योगदान को भावपूर्ण नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्व. पंडित काशीनाथ शर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि पंडित काशीनाथ शर्मा ने जीवनभर मूल्यों पर आधारित, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता की, जो आज भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श है इस मौके पर उपस्थित रहे महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि स्व. शर्मा समाज का सच्चा दर्पण थे और उनका व्यक्तित्व नई पीढ़ी के पत्रकारों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहे विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने उन्हें संवेदनशील पत्रकार के साथ-साथ सभी के सुख-दुःख में साथ खड़े रहने वाला सच्चा साथी बताया। समारोह में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, पूर्व एमआईसी सदस्य आलोक मिश्रा, पार्षद श्याम कनौजिया, भाजपा महामंत्री सोनू बचवानी, जबलपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर सहित पत्रकार जगत के अनेक वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन परितोष वर्मा ने किया।




